I/194337/2024

**उत्तराखण्ड शासन**
**ग्राम्य विकास अनुभाग–2**
**देहरादूनः दिनांक** 29 **फरवरी, 2024**

1) **महाप्रबन्धक,**
**गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल विकास निगम,**
**उत्तराखण्ड।**

2) **समस्त व्यवस्थाधिकारी,**
**मा0 राज्यपाल सचिवालय/मा0 मुख्यमंत्री आवास/**
**उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड विधानसभा/**
**राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तराखण्ड।**

कृपया अवगत कराना है कि अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अन्तर्गत स्थानीय मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित "Millet Bakery" Outlet का शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 16.11.2023 को सचिवालय परिसर, देहरादून में किया गया है। मंडुआ तथा झंगोरा का प्रसंस्करण कर बिस्किट, ब्रेड व अन्य मिलेट बेकरी उत्पाद स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय विधि द्वारा प्राकृतिक रूप से तैयार किया जा रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण एवं स्वास्थ्यकर है।

**2)** इस संबंध में मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–I/170376/2023 दिनांक 22 नवम्बर, 2023 **(छायाप्रति संलग्न)** द्वारा विभागों/सरकारी संस्थाओं में आयोजित होने वाले विभिन्न समारोहों, बैठकों, कार्यक्रमों में अथवा दैनिक प्रयोग में लाये जाने हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित किये जाने वाले मिलेट बेकरी उत्पादों तथा अन्य स्थानीय खाद्य पदार्थों का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

**3)** अतः उपर्युक्त के क्रम में आपसे भी अपेक्षा है कि अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों/बैठकों/समारोहों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित मिलेट बेकरी उत्पादों तथा अन्य खाद्य पदार्थों का प्राथमिकता के आधार पर अधिकाधिक उपयोग करने का कष्ट करें।

**4)** उत्तराखण्ड सचिवालय स्थित "Millet Bakery" Outlet एवं NRLM के UTTARA Outlet से उत्पादों का क्रय किया जा सकता है तथा मिलेट उत्पादों की आपूर्ति एवं अन्य किसी जानकारी हेतु श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस.आर.एल.एम., उत्तराखण्ड, देहरादून (मो0नं0:–9412093900) से भी सम्पर्क कर सकते है।

संलग्नकः–यथोपरि।

**Signed by Radha Raturi**
**Date: 28-02-2024 15:12:15**

**(राधा रतूड़ी)**
**मुख्य सचिव**

संख्या एवं दिनांकः–तदैव।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 मंत्रीगण, उत्तराखण्ड सरकार।
3. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, पौड़ी।
5. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस.आर.एल.एम., उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस.आर.एल.एम., उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. गार्ड फाईल।

**आज्ञा से,**

**Signed by Radhika Jha**
**Date: 28-02-2024 17:53:46**
**(राधिका झा)**
**सचिव**